# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

## विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0 ................/2023

**माध्यमिक कम्पार्टमेंटल–सह–विशेष (सैद्धान्तिक) परीक्षा, 2023 के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राधीक्षकों, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0शि0), सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी के लिए आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि माध्यमिक कम्पार्टमेंटल–सह–विशेष (सैद्धान्तिक) परीक्षा, 2023 जिला में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 10.05.2023 से 13.05.2023 तक संचालित होगी। परीक्षा के लिए सभी जिला में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर उपयोग के लिए गोपनीय परीक्षा सामग्री यथा–डाटायुक्त उत्तरपुस्तिका, ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक, उपस्थिति पत्रक (A & B) तथा अनुपस्थिति पत्रक परीक्षा केन्द्रवार पैकिंग कराकर गोपनीय एजेंसी द्वारा सीधे परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 08.05.2023 तक आपूर्ति की जाएगी।

2. उल्लेखनीय है कि सैद्धान्तिक परीक्षा के संचालन हेतु केन्द्राधीक्षक का नियुक्ति पत्र, परीक्षा संचालन निर्देशिका, परीक्षा कार्यक्रम की प्रति, विषय न्यूमेरिक कोड, रौल शीट, परीक्षा केन्द्र की टैगिंग सूची, प्रेषण विवरणी, परीक्षा संचालन अधिनियम 1981 की प्रति, विभिन्न प्रकार के प्रपत्र (A1, A2, R1, R2, S1 to S10) वीक्षक का घोषणा पत्र, भ्रमण पंजी, निष्कासित प्रपत्र, टी0ए0/सी0ए0/Remuneration Bill प्रपत्र, पैकिंग सामग्री यथा–पॉली बैग, विभिन्न प्रकार के पॉली बैग, लिफाफा एवं कॉरूगेटेड बॉक्स (प्री–प्रिन्टेड डाटा सहित चस्पे स्टिकर), भूरे रंग के लिफाफा आदि परीक्षा केन्द्रों को दिनांक 08.05.2023 को वितरण हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में भेजी जा चुकी है।

3. माध्यमिक कम्पार्टमेंटल–सह–विशेष (सैद्धान्तिक) परीक्षा, 2023 के संचालन हेतु डाटारहित उत्तरपुस्तिका, ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक, उपस्थिति पत्रक (A & B) तथा अनुपस्थिति पत्रक समिति द्वारा नहीं भेजी गई है। इसका कारण यह है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 के संचालन हेतु उक्त डाटारहित परीक्षा सामग्री सभी परीक्षा केन्द्र पर उपलब्ध कराया गया था, जो परीक्षा केन्द्र पर संधारित होगा। आकस्मिकता की स्थिति में इन डाटारहित परीक्षा सामग्री का उपयोग इस परीक्षा में भी किया जाएगा। यदि किसी परीक्षा केन्द्र पर डाटारहित परीक्षा सामग्री उपलब्ध नहीं हो, तो केन्द्राधीक्षक के अधियाचना के आधार पर जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

4. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार से अनुरोध है कि कंडिका 2 में वर्णित सामग्री जिलान्तर्गत सभी परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राधीक्षक अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि को ससमय वितरण कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। यह भी अनुरोध है कि सभी केन्द्राधीक्षकों को अपने स्तर से अनिवार्य रूप से निदेश देंगे कि एजेंसी के माध्यम से तथा समिति द्वारा आपूरित सामग्री प्राप्त कर अनिवार्य रूप से मिलान कर सुनिश्चित हो लेंगे कि उनके परीक्षा केन्द्र एवं उनसे संबद्ध विद्यालय के परीक्षार्थी जिन्हें सैद्धान्तिक परीक्षा में सम्मिलित होना है, के अनुरूप सभी सामग्रियाँ प्राप्त हो गई हैं।

5. आपूरित सामग्री में से कोई सामग्री अप्राप्त, त्रुटिपूर्ण हो अथवा परीक्षा संचालन में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर इसकी सूचना अविलंब परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक) का मोबाईल नंबर–9431057268, उप परीक्षा नियंत्रक (मा0) के मोबाईल नंबर–7979815223, अपर सचिव, भंडार का मोबाईल नंबर–943163239 तथा प्रशाखा पदाधिकारी (केन्द्रीय, मा०) का मोबाईल नंबर–9661704660, 9431880913 पर सूचित कर समस्या का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। विशेष रूप से अंकनीय है कि परीक्षा संचालन की पूरी प्रक्रिया में कोविड–19 के SOP (Standard Operating Procedure) तथा कोविड अनुकूल व्यवहार का अनुपालन सभी संबंधितों के द्वारा किया जाना अनिवार्य होगा।

06.05.23

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)
06/05/23 बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

ज्ञापांक : केन्द्रीय (मा०)– 77/23 (20)–543 /पटना, दिनांक : 6/5/2023